प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
25.01.2025/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

पूर्ण राज्यत्व

हिमाचल प्रदेश आज अपना 55वां पूर्ण राज्यत्व दिवस हर्षोल्लास के साथ मना रहा है। 25 जनवरी 1971 को हिमाचल प्रदेश भारतीय गणराज्य का 18वां राज्य बना था। राज्य स्तरीय समारोह कांगड़ा ज़िले के बैजनाथ में आयोजित किया जा रहा है।

इस बीच प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व दिवस के अवसर पर शिमला के समीप छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास में आज सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आम लोग भी भाग ले सकते हैं।

मुख्यमंत्री संदेश

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूर्ण राज्यत्व दिवस के उपलक्ष पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। हिमाचल को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने में उन्होंने प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री व हिमाचल निर्माता डॉक्टर वाई. एस. परमार के योगदान को याद किया।

मतदाता दिवस

प्रदेशभर में आज 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। भारत में निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वर्ष 2011 से ही हर वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर राज्यस्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में आयोजित होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नंदिता गुप्ता ने बताया कि इस समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। इस दौरान वे शिमला जिला के सर्वश्रेष्ठ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को राज्य पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ बूथस्तर के अधिकारियों को जिला स्तरीय पुरस्कार प्रदान करेंगे।

गणतंत्र अतिथि

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर कल 76वें गणतंत्र दिवस परेड को देखने के लिए करीब 10 हजार विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। प्रदेश के ऊना जिला के अंब उपमंडल के कुठियाड़ी गांव में दी कुठियाड़ी सहकारी कृषि सेवा समिति के सचिव महावीर शर्मा को केन्द्र सरकार ने गणतंत्र दिवस के समारोह में विशेष अतिथि आमंत्रित किया है।

संदेश

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम 7 बजे राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के संबोधन को देखते हुए आकाशवाणी शिमला से रोजाना शाम 7 बजकर 45 मिनट पर प्रसारित होने वाला प्रादेशिक समाचार बुलेटिन आज शाम 6 बजकर 45 मिनट पर प्रसारित होगा।

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज सभी समाचार पत्रों ने धर्मशाला में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में भांग की खेती को सैद्धांतिक मंजूरी देने संबंधी ख़बर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की एक ख़बर है–पूर्ण राज्यत्व दिवस आज, मिल सकती है कर्मचारियों को सौंगात। मौसम पर हिमाचल दस्तक लिखता है–प्रदेश में 4 दिन मौसम साफ, खिलेगी तेज धूप। इसी के साथ यह समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे। नमस्कार

———————————